कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कुबेर सिंह गूगोलाव, निवासी सी–120, रामनगर, श्यामनगर, अजमेर रोड, जयपुर राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण जिला दौसा

अपील संख्या 14/2022

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 17.02.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, विकास अधिकारी पंचायत समिति लवाण से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी लवाण को पत्र कमांक: डीएम/कोर्ट/2022/229–230 दिनांक 04.02.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण जिला दौसा ने पत्र कमांक: आरटीआई/2022/681 दिनांक 10.02.2022 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना विकास अधिकारी पंचायत समिति लवाण से संबंधित होने से विकास अधिकारी पंचायत समिति लवाण को अपीलांट द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र कमांक:714 दिनांक 23.12.2022 के द्वारा लिखा गया है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना पंचायत समिति लवाण से संबंधित होने से एवं पंचायत समिति के विरूद्ध अपील का श्रवणाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.03.30 10:20:08 IST
Reason: SelfAttested

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा